# DST (Dual System of Training) के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु आवश्यक निर्देश/शर्तें

- **आयु सीमाः–** Dual system of Training (DST) के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के समय अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से 24 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। इस हेतु आयु की गणना सम्बन्धित वर्ष की 1 जुलाई से मान्य होगी।
- **शैक्षिक योग्यताः–** न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण।
- **प्रशिक्षण अवधि में औद्योगिक भागीदारीः–** कुल प्रशिक्षण अवधि का 25% से 50% भाग औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
- **सहमति पत्र (Consent Form):–** DST प्रणाली के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों/उनके अभिभावकों को यह लिखित सहमति प्रदान करनी होगी कि उन्हें कुल प्रशिक्षण अवधि का 25 से 50% तक का भाग संबंधित औद्योगिक प्रतिष्ठान में करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी। यह सहमति पत्र (Consent Form) आवेदन के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
- **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को औद्योगिक प्रशिक्षण शुरू होने से 30 दिन पहले जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा।
- **चिकित्सा फिटनेस परीक्षण–**अभ्यर्थी को डीएसटी के अन्तर्गत प्रवेश से पूर्व सम्बन्धित औद्योगिक प्रतिष्ठान के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र (ओएचसी) में निःशुल्क चिकित्सा फिटनेस परीक्षण में भाग लेना होगा।
- **सुरक्षा/पीपीई–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को उद्योग में व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान सभी सुरक्षा पीपीई (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) अनिवार्य रूप से पहनने होंगे, जो कि इंडस्ट्री द्वारा प्रदान किये जायेंगे। समस्त प्रशिक्षार्थियों का सम्बन्धित आई0टी0आई0 द्वारा बीमा कराया जायेगा तथा इण्डस्ट्री में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणर्थियों को इण्डस्ट्री द्वारा निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा एवं किसी प्रकार की दुर्घटना हेतु सम्बन्धित संस्थान/इण्डस्ट्री उत्तरदायी नहीं होगी।
- **शिफ्ट–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को विभिन्न शॉप्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए ट्रेनर/रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सूचित किए गए शिफ्ट समय का पालन करना होगा।
- **अनुशासन–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को अन्य कार्यरत लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने और अनुशासित व्यवहार बनाए रखना होगा। शारीरिक हिंसा का कोई भी कार्य, भौतिक संपत्ति को नुकसान, अनधिकृत अनुपस्थिति, प्रशिक्षण कार्यस्थल से गायब होना, यौन उत्पीड़न आदि गैर अनशासनात्मक गतिविधियां किये जाने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जायेगा।
- **छात्रवृतिका–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को समय–समय पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित छात्रवृतिका प्रदान की जायेगी।
- **भोजन और आवास–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को उद्योग में व्यावहारिक औद्योगिक प्रशिक्षण के दौरान अपने रहने और भोजन की व्यवस्था अपने खर्च पर करनी होगी। जिस हेतु इंडस्ट्री द्वारा प्रतिमाह लगभग रू 8000 स्टाइपेंड के रूप में दिये जाने पर सहमति व्यक्त की गई है।

रोज़गार की संभावना को बढ़ाने हेतु आईटीआई एवं इंडस्ट्री में संयुक्त रूप से DST के अंतर्गत प्रशिक्षण का अवसर

DUAL SYSTEM OF TRAINING

# दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST)

## दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST) क्या है?

दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST) एक ऐसा कार्यक्रम है जो छात्रों को आईटीआई में प्रशिक्षण के साथ साथ उद्योग में कार्य करके सीखने का अवसर प्रदान करता है|

इसमें छात्रों को उद्योगों में प्रशिक्षण के दौरान नवीनतम मशीनरी पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है| डीएसटी के अन्तर्गत प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थी उच्च स्तर के व्यावसायिकता और तकनीकी कौशल का विकास करते हैं, जिससे उन्हें उद्योगों में नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है|

## उद्योग में प्रशिक्षण की समयावधि

| ITI कोर्स की अवधि | उद्योग में प्रशिक्षण की अवधि |
|---|---|
| 12 Months | 3 to 6 Months |
| 24 Months | 6 to 12 Months |

## DST के दौरान उद्योग क्या प्रदान करेगा?

### छात्रवृत्तिका
उद्योगों द्वारा छात्रवृत्तिका दिए जाने का प्राविधान

### सुविधाएं
छात्रों को परिवहन एवं कैंटीन की व्यवस्था

### सुरक्षा
सभी छात्रों को पीपीई और सुरक्षा जूते जैसी सुरक्षा सुविधाओं का प्रावधान

### प्रशिक्षण
छात्र अपने कोर्स का आधा समय आई.टी.आई में एवं शेष समय इंडस्ट्री में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे

## DST के दौरान छात्रों से क्या अपेक्षाएं हैं?

### आयु सीमा
न्यूनतम 18 वर्ष एव, अधिकतम 24 वर्ष

### सहमति पत्र
स्वयं और माता-पिता से सहमति अनिवार्य होगा

### व्यक्तिगत बीमा
अनिवार्य व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा

### मेडिकल टेस्ट
चिकित्सा परीक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा

### यूनिफार्म और पहचान पत्र
आईटीआई का पहचान पत्र साथ रखना और DST के दौरान निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य है|

### रूल्स एंड रेगुलेशन
DST के दौरान उद्योग के नियमों और विनियमों, सुरक्षा दिशानिर्देशों और शिफ्ट समय का पालन अनिवार्य है|

| क्र0 सं0 | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का नाम | व्यवसाय का नाम | डीएसटी हेतु इंडस्ट्री पार्टनर का नाम | DST की सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0औ0प्र0संस्थान (यु0) देहरादून | इलेक्ट्रिशियन | हिमालयन पावर मशीन मेनुफेक्चरिंग, देहरादून | 20 |
| | | फिटर | हिमालयन पावर मशीन मेनुफेक्चरिंग, देहरादून | 20 |
| 2 | रा0औ0प्र0संस्थान राजपुर रोड देहरादून | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 3 | रा0औ0प्र0संस्थान विकासनगर | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 4 | रा0औ0प्र0संस्थान जगजीतपुर हरिद्वार | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | फिटर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| | | मशीनिष्ट | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| | | वेल्डर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| 5 | रा0औ0प्र0संस्थान नारसन | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 6 | रा0औ0प्र0संस्थान विशिष्ट हरिद्वार | फिटर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| | | वेल्डर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| 7 | रा0औ0प्र0संस्थान पिरानकलियर | फिटर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| | | वेल्डर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार | 20 |
| 8 | रा0औ0प्र0संस्थान रूद्रप्रयाग | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 9 | रा0औ0प्र0संस्थान श्रीनगर | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 10 | रा0औ0प्र0संस्थान दुगड्डा | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 11 | रा0औ0प्र0संस्थान नईटिहरी | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 12 | रा0औ0प्र0संस्थान चम्बा | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 13 | रा0औ0प्र0संस्थान बड़कोट | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 14 | रा0औ0प्र0संस्थान पिथौरागढ़ | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 15 | रा0औ0प्र0संस्थान काशीपुर | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 16 | रा0औ0प्र0संस्थान दिनेशपुर | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 17 | रा0औ0प्र0संस्थान बाजपुर | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 18 | रा0औ0प्र0संस्थान जसपुर | इलेक्ट्रिशियन | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर | 20 |
| 19 | रा0औ0प्र0संस्थान खटीमा | वेल्डर | टाटामोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 20 | रा0औ0प्र0संस्थान सितारगंज | मेकेनिकमोटरव्हीकल | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर | 24 |
| 21 | रा0औ0प्र0संस्थान विशिष्ट पंतनगर | वेल्डर (फेब्रिकेशन एंड फिटिंग) | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 22 | रा0औ0प्र0संस्थान अल्मोड़ा | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 23 | रा0औ0प्र0संस्थान हल्द्वानी | टर्नर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | मशीनिष्ट | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| | | मेकेनिकऑटोबॉडीपेंटिग | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर | 20 |
| 24 | रा0औ0प्र0संस्थान टाण्डी | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर | 20 |
| 25 | रा0औ0प्र0संस्थान कालाढूंगी | मेकेनिकमोटरव्हीकल | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर | 24 |
| 26 | रा0औ0प्र0संस्थान बिन्दुखत्ता | फिटर | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर | 20 |
| 27 | रा0औ0प्र0संस्थान रामनगर | फिटर | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर | 20 |